nt>

Title: Need to scrutinise the viability of the proposal to purchase 'Scorpion Submarine' by Indian Navy.

श्री सीता राम यादव (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, फ्रांस से स्कॉरपीन पनडुब्बी पर हुए समझौते के अन्तर्गत 6 स्कॉरपीन पनडुब्बियां खरीदी जाएंगी जिन की कीमत 2 करोड़ डॉलर होगी। इनमें दो फ्रांस से आएंगी तथा चार का निर्माण मुम्बई के मझगांव डॉक यार्ड में किया जाएगा। मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या इस पनडुब्बी को हर बिन्दु से जांचा परखा गया है? क्या यह हमारी नौसेना की शक्ति में वृद्धि करेगा? दूसरी बात यह है कि क्या मझगांव डॉक यार्ड इस तरह का स्कॉरपीन पनडुब्बी बनाने में सक्षम है या इसके लिए फ्रांस से टैक्नॉलोजी तथा टेक्नॉलोजिस्ट का आयात किया जा रहा है? मैं चाहूंगा कि सरकार अपनी टैक्नॉलोजी से स्कॉरपीन पनडुब्बी देश में बनाए।